राष्ट्रीय अमृता हाट का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

15 अक्तूबर, 2021 को महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री ममता भूपेश ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित उत्पादों की बिक्री के लिये बाज़ार उपलब्ध कराने हेतु जयपुर में जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में **'राष्ट्रीय अमृता हाट'** का उद्घाटन किया तथा **संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA)** की ओर से तैयार किये गए जागरूकता रथों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रमुख बिंदु

- महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि अमृता हाट से इन महिलाओं की मेहनत और हुनर को बढ़ावा मिलेगा तथा इन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी।
- उन्होंने कहा कि त्योहारी मौसम में यहाँ से घरेलू आवश्यकताओं के सामान एवं हस्तनिर्मित सज़ावटी और कलात्मक व गुणवत्तापूर्ण सामान की खरीदारी की जा सकती है।
- अमृता हाट में कशीदाकारी, लाख की चूड़ियाँ, पेपरमेशी आइटम, सलवार-सूट, टेराकोटा, कश्मीरी ऊनी शॉल, आर्टफिशियल ज्वैलरी, चिकन एवं ज्वैलरी वर्क, काँच एवं पेच वर्क, सभी प्रकार के आचार, मुरब्बा, मसाले एवं अन्य हस्तनिर्मित आकर्षक उत्पाद ग्राहकों को वाज़िब दाम में उपलब्ध हैं।
- उल्लेखनीय है कि जयपुरवासियों के लिये एक ही जगह विभिन्न स्थानों के हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री के उद्देश्य से शिल्पग्राम में राष्ट्रीय अमृता हाट का आयोजन 15 से 24 अक्तूबर, 2021 तक किया जा रहा है।
- इस हाट में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 140 स्टॉल लगाए गए हैं। मेले में आगंतुकों का प्रवेश निःशुल्क है। मेला परिसर में आगंतुकों के लिये अनेक लजीज व्यंजन भी बिक्री हेतु उपलब्ध हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-amrita-haat-inaugurated